# अंग्रेजी का सरल पर्चा देख खिले परीक्षार्थियों के चेहरे

## जिले में बोर्ड परीक्षाओं के लिए बनाए गए 34 केंद्र, कलेक्टर ने भी किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की मंगलवार से बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो गई। जिसके पहले दिन हायर सेकेण्डरी का पहला पर्चा अंग्रेजी का विषय का हुआ। जहां परीक्षा से पहले परीक्षार्थीयों के चेहरे पर परीक्षा को लेकर टेंशन देखी गई, तो वहीं अंग्रेजी विषय का सरल पर्चा देखकर परीक्षार्थीयों के चेहरे पर खिले नजर आए।



दरअसल जिले में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिले में 34 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जहां पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गये थे। तो वहीं परीक्षा केंद्रो पर मोबाइल फोन की घंटी से परेशानी न हो, इसके लिए केंद्रो पर हेमर लगाकर सिग्नलों को ब्लॉक किया गया था। वहीं मंगलवार से शुरू हुई परीक्षाओं की निगरानी के लिए जहां नौ उड़नदस्ता टीमें द्वारा निगरानी की गई, तो वहीं कलेक्टर साकेत मालवीय भी ने भी परीक्षा केंद्रो का दौरा किया और केंद्र प्रभारियों से आवश्यक जानकारी दिशा निर्देश दिए। जिलेभर में कुल 7660 छात्र-छात्राएं यह परीक्षा दे रहे हैं। इनमें 6837 नियमित और 823 स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल हुए।

### 12वीं बोर्ड परीक्षा शुरू, 303 छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा



शाढ़ौरा। नगर में मंगलवार से माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रथम दिवस कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। शाढ़ौरा में बनाए गए दो परीक्षा केन्द्रों पर छात्रों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा दी। शाढ़ौरा के हायर सेकेंडरी स्कूल एवं द्रौपदी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों पर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दोनों केन्द्रों पर शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जहां कुल 303 छात्रों ने परीक्षा दी। हायर सेकेंडरी स्कूल केन्द्र प्रभारी आशा रघुवंशी ने बताया कि केन्द्र पर दर्ज सभी 117 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। वहीं द्रौपदी पब्लिक स्कूल केन्द्र प्रभारी महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि उनके केन्द्र पर पंजीकृत सभी 186 छात्रों ने सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा दी। छात्रों ने सिलेबस के अनुसार प्रश्नपत्र आने पर खुशी जताई और पेपर को सरल बताया। वहीं परीक्षा के दौरान पुलिस के चाक-चौबंद सुरक्षा प्रबंध रहे, वहीं जांच दल ने भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।


## 4 परीक्षा केंद्रों पर 797 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

नवभारत न्यूज

**चंदेरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा मंगलवार से प्रारंभ हो गई है। परीक्षा की शुरुआत अंग्रेजी के प्रश्न पत्र से हुई। अंग्रेजी के प्रश्न पत्र को विद्यार्थियों ने सरल बताया, इससे विद्यार्थी बेहद उत्साहित दिखे। परीक्षा कक्ष में जाते समय विद्यार्थियों के चेहरे पर तनाव झलक रहा था, जब वे परीक्षा देकर लौटे तो बेहद खुश दिखे। परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र बहुत ही अच्छा आया था, इसे आसानी से हल कर लिया। पहले प्रश्न पत्र में चंदेरी के चार परीक्षा केंद्रों पर कहीं भी नकल प्रकरण नहीं बना, शांति पूर्ण तरीके से विद्यार्थियों ने परीक्षा का पहला एग्जाम दिया। चंदेरी के तीन सामान्य और एक संवेदनशील सहित चार केंद्रों पर चेकिंग दल भ्रमण करते रहे और सुरक्षा की दृष्टि से चार परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। चंदेरी में 4 केंद्रों पर 12वीं की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 812 परीक्षार्थियों में से 797 ने परीक्षा दी जबकि 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कक्षा 12वीं के पहले प्रश्न पत्र में चंदेरी में कहीं भी नकल प्रकरण नहीं बना है। परीक्षा कक्ष से बाहर आए परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र बहुत ही अच्छा रहा, स्कूल में जो पड़ाया गया वह सब प्रश्न पत्र में था। अब उम्मीद यही है कि शेष प्रश्न पत्र भी अच्छे ही रहेंगे। विद्यार्थी परीक्षा केंद्रों के बाहर एक-दूसरे से प्रश्न पत्र को लेकर चर्चा करते रहे।







## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं

**मंगलवार को आए 132 आवेदन**

**कलेक्टर ने निराकरण के दिए निर्देश**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 132 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। साथ ही गूगलमीट से समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जुडे रहे। जनसुनवाई में आये संबंधित तहसील एवं जनपदों के आवेदन निराकरण के निर्देश संबंधितों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

जनसुनवाई में अशोकनगर निवासी कृष्णभान सिंह आदिवासी द्वारा पट्टा दिलाए जाने, अशोकनगर निवासी विनोद अहिरवार द्वारा एम्बुलेंस सेवा में पुन नियुक्त करने, ग्राम ढोढिया निवासी सबीता बाई अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम करख्या निवासी चंदन सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने, ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी गुलाबचंद जैन द्वारा भूमि से कब्जा हटाए जाने, ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी संगीता अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम रांठ निवासी मोहन सिंह द्वारा सीमांकन कराए जाने, नईसराय निवासी मुन्नीबाई द्वारा आवास एवं रोजगार दिलाए जाने, ग्राम चारौदा निवासी तोरन सिंह आदिवासी द्वारा भूमि पर कब्जा हटाए जाने, अशोकनगर निवासी सुनीता बाई द्वारा अवैध कब्जा हटाए जाने संबंधी समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक नजर में



**अवैध ड्रग्स फैक्ट्री पर दबिश, दो गिरफ्तार**

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाना अंतर्गत ग्राम कड़राना में चल रहीं अवैध ड्रग्स फैक्ट्री पर इंदौर की नारकोटिक्स टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स सहित केमिकल और हथियार जब्त करने के साथ ही मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार इंदौर नारकोटिक्स की 15 सदस्यीय टीम ने देर सोमवार रात करीब एक बजे राघवेंद्र परमार के घर पर छापा मारा। जहां टीम ने मौके से 1 किलो 282 ग्राम तैयार ड्रग्स और 2 किलो 570 ग्राम अर्ध-तैयार ड्रग्स बरामद किया है। इसके अलावा, ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाला 45 किलो एमडी ड्रग केमिकल और उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

**अवैध रूप से जंगल के चल रहा था कारोबार**

नारकोटिक्स टीम की गिरफ्त में आए राघवेंद्र पुत्र बलराम सिंह परमार और प्रियांशु पुत्र सुनील जैन निवासी हाट का पुरा द्वारा चंदेरी के जंगली इलाके में स्थित ग्राम कड़राना में एमडी ड्रग्स का अवैध कारोबार चला रहे थे। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर इंदौर की नारकोटिक्स टीम द्वारा इस फैक्ट्री पर दबिश देते हुए माल सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# जंगल के नाले में बनाई जा रही थी अवैध शराब

## पुलिस दबिश में दो गिरफ्तार, अवैध शराब जब्त, हजारों का लहान किया नष्ट

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाईदेखने को मिल रहा है। जहां विगत दिनों माधौगढ़ सहित जिले के अन्य इलाकों में पुलिस ने दबिश देते हुए अवैध रूप से बनी शराब को जब्त किया, तो वहीं कदवाया पुलिस ने मंगलवार को ग्राम श्यामगढ़ में दबिश दी, जहां जंगल में नाले के किनारे आरोपियों द्वारा अवैध रूप से हाथ भट्टी की शराब का निर्माण किया जा रहा है। जिसे पुलिस ने नेस्तनाबूत कर दिया। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही करीब 55 लीटर हाथ भट्टी की शराब सहित करीब दो हजार लहान बरामद किया गया। जिसे बाद में पुलिस द्वारा नष्ट किया गया।



दरअसल पुलिस को मुखविर से सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम श्यामगढ जंगल के नाले में हाथ भट्टीयों पर कच्ची शराब अवैध रुप से उतार रहे है। सूचना पर से थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन द्वारा टीम गठित कर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये ग्राम श्यामगढ में दविश दी गई। दबिश के दौरान आरोपी पुष्पेन्द्र पुत्र विजय राम गुर्जर निवासी ग्राम श्यामगढ, पवन पुत्र विजयराम गुर्जर निवासी ग्राम श्यामगढ शराब बनाते हुये मिले एवं उनके पास श्यामगढ नाले से आरोपीयों के कब्जे से 04 प्लास्टिक की केनों में पृथक-पृथक कुल 55 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कीमती करीवन 8250 रुपये को पुलिस द्वारा जप्त की गई। इसके अलावा जब पुलिस ने आसपास नाले एवं जंगल से करीवन 02 हजार लीटर लाहन कीमती करीवन 20 हजार रुपये का नष्ट किया एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार किया आरोपीगण द्वारा पूछताछ पर उक्त शराब किन्ते उर्फ कुलविन्दर सरदार, रंजीत सरदार एवं सित्ते उर्फ सुरजीत सरदार निवासी ईशागढ के लिये बनाना वताया। जिस आधार पर प्रकरण में उक्त तीनों को भी आरोपी बनाया गया एवं आरोपीयों के विरुद्ध अपराध क्र16/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**आरोपी भी हो रहे गिरफ्तार :**

पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध चल रही मुहिम में जहां अवैध शराब के ठिकाने ध्वस्त किये जा रहे है। तो वहीं इन स्थानों पर शराब बनाने वालों को भी गिरफ्तार किया जा रहा है। गौर करने वाले बात ये है कि जहां विगत दिनों पुलिस द्वारा सिर्फ शराब अवैध अड्डे को मिटाया जाता था और आरोपी भाग जाते थे, लेकिन इस बार की कार्रवाई में आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ रहे है। मंगलवार की कार्रवाई में थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन, सहायक उप निरीक्षक रुमाल सिंह, प्रधान आरक्षक रामसिंह, अरविंद रघुवंशी, विनोद यादव, आरक्षक रवि राणा, शैलेन्द्र चौहान, धर्मेन्द्र दांगी की सराहनीय भूमिका रही।

## विधिक जागरुकता शिविर संपन्न

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व न्यायाधीश/सचिव मनीष अनुरागी जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं व उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना-2015 अंतर्गत मंगलवार को ब्लूक चिप विद्यालय अशोकनगर में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए न्यायाधीश मनीष अनुरागी ने बताया कि बालक देश का भविष्य व राष्ट्र की धरोहर है। आज का बालक आने वाले कल का नागरिक होकर राष्ट्र का निर्माता होगा। यही कारण है कि बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए भारत के संविधान व कानूनों में उन्हें कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं और उनके हितों को संरक्षण प्रदान किए गए हैं। साथ ही उन्होंने बच्चो को अपराध के सामाजिक व आर्थिक कारण बताये तथा उन कारणो से स्वयं को कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सामाजिक शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नति में समाज की समृद्धि निहित है। बच्चों के प्रारम्भिक वर्ष उनके जीवन के लिए महत्वपूर्ण होते है 0 से 6 वर्ष तक आते-आते बच्चों में ज्ञानात्माक, मनौवैज्ञानिक भावनाओं की जडें मजबूत होती है।

## स्मार्ट तकनीक और सुरक्षा विकल्प से बनेगा डिजिटल भविष्य

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** सेफ इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिला एनआईसी अशोकनगर द्वारा कलेक्टर कार्यालय एवं पीएमश्री स्कूल अशोकनगर में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया।





कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों का सहयोग सराहनीय रहा।

## विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में कलेक्टर ने कहा- प्रात :कालीन सभा में कराएं योग

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय अशोकनगर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय द्वारा एक्टिविटी सेशन मानसिक स्वास्थ्य तथा शारीरिक स्वास्थ्य हेतु मेडिटेशन तथा योग कक्षा आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालय में पेयजल, शौचालय तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर्याप्त रहे यह सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने नवीन भवन निर्माण हेतु पत्राचार तथा कम्युनिकेशन कर कार्य शुरू किये जाने के निर्देश दिए। अंशकालीन शिक्षकों के पैनल बनाने हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया सही समय पर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए टेंडर प्रक्रिया किये जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रात:कालीन सभा में राष्ट्रगान के साथ साथ राष्ट्रगीत भी शामिल किये जाने, प्रात:कालीन सभा में 5 मिनट्स का योग सत्र तथा 5 मिनट्स का ध्यान( मेडिटेशन) भी शामिल किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया, डीपीसी राहुल शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का त्रिवेदी, जीएम एमपीईबी मधुसूदन कोरी, एसडीओ पीडब्यूडी अशोक कुमार गुप्ता, श्रीदर्श दुबे संगीतज्ञ, भावना चौधरी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।





**नवरात्रि** | **पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चल रहा पार्थिव शिवलिंग निर्माण और विवाह महोत्सव**

# हिमाचल बने डॉक्टर हरवीर ने चढ़ाया टीका फलदान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में शिव नवरात्रि के चतुर्थ दिवस के अवसर पर मंगलवार को विशेष उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ का टीका फल दान पूर्व नपा उपाध्यक्ष डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी द्वारा उनकी धर्मपत्नी सहित मंदिर पर आकर चढ़ाया। इस दौरान शिव भक्त श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था।



डॉ हरवीर सिंह अपने घर से सभी प्रकार के फल मेवा मिठाई भगवान शिव भोले को वस्त्र आभूषण तथा महिलाओं को प्रसाद में सुहाग श्रृंगार प्रसाद के रूप में लेकर आए, जिसे मंदिर में बटवाया। तथा विधिवत भगवान का अभिषेक किया साथ में हिंदू धर्म लोक रीति रिवाज के अनुसार टीका फल-दान पुरोहित द्वारा संकल्प किया गया। हिमाचल की भूमिका निभा रहे दोनों मानो तो मैंना रानी के साथ राजा हिमाचल ही आ गए हों। सभी शिव भक्तों ने पार्थिव शिवलिंगों के सहित भगवान देवाधी देव महादेव की महा आरती की कथा प्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं ने सुबह से शाम तक मधुर भजन गाए। मंगलवार के शिव लिंग पार्थिव पात्रों की निर्माण संख्या 96 हुई जिनकी कुल संख्या 10368 शिव पार्थिव लिंगों की निर्माण संख्या हुई। उन सभी का एक साथ में मंत्र उपचार के साथ शिव विवाह के पुरोहित महेंद्र शर्मा ने पंचामृत द्वारा पूजन करवाया तथा पुजारी किशन लाल मिश्रा ने पुरुष सूक्त द्वारा सोडसो उपचार से अभिषेक किया तथा महिलाओं ने टीका फल दान के समय बहुत सारी निछावरे उतार कर गाजे बाजे बालों को दी।

## जयवर्धन ने किया बक्सनपुर लीग का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**पिपरई।** कस्बे के समीपस्थ ग्राम बक्सनपुर में स्वर्गीय राव देशराज सिंह यादव की स्मृति में बक्सनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने फीता काट कर और क्रिकेट की पिच पर चौके-छक्के लगा कर किया। इस शुभारंभ अवसर पर उनके अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय, जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, कांग्रेस पार्टी के महा सचिव राव यादवेंद्र सिंह यादव, ब्लाक अध्यक्ष मुकेश लोधी और शोभाराम राजपूत के साथ बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



प्रीमियर लीग के शुभारंभ अवसर पर विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि खेलों से मित्रता बढ़ती है और इस छोटे से ग्राम में इतनी अच्छी प्रतियोगिता में पूरे ग्राम के साथ आयोजक कमेटी को धन्यवाद देता हूं और कामना करता हूं यह प्रतियोगिता सफल हो। वहीं कहा कि इस समय क्रिकेट का सीजन चल रहा है और 20-20 विश्वकप में निश्चित की भारतीय टीम की जीत होगी। तो वहीं कांग्रेस महासचिव राव यादवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि इस ग्राम से मेरे पूज्य पिताजी को बहुत स्नेह और प्यार मिलता था। वह भी इस ग्राम को अपना परिवार मानते थे। में अपने पिताजी के आदर्शो पर चलते हुए हमेशा आपकी सेवा में तात्पर्य हूं। वहीं उन्होंने कहा कि युवाओं में क्रिकेट के प्रति बहुत दिवानगी है। वहीं उन्होंने खेलों को लेकर कहा कि खेल हमेशा ईमानदारी से खेलना चाहिए, क्योंकि ये खेल हमारे जीवन में और शरीर के लिए बहुत जरूरी है।


//विज्ञप्ति//

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग अशोकनगर (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमाक/0032/अपील/2024-25/1187

अशोकनगर, दिनांक 06/02/2026

1. कृष्णाबाई पत्नि दलूपसिंह कुशवाह निवासी ग्राम लालपुर तहसील व जिला अशोकनगर म.प्र.

---------अपीलार्थी

**बनाम**

1. बाबूलाल पुत्र दिमानसिंह कुशवाह निवासी ग्राम लालपुर तहसील व जिला अशोकनगर म.प्र.

--------- रेस्पीडेन्टजन

(पक्षकारों की उपस्थिति हेतु विज्ञप्ति सूचना)

एतत् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि **अपीलार्थी कृष्णाबाई पत्नि दलूपसिंह कुशवाह निवासी ग्राम लालपुर** तहसील व जिला अशोकनगर म.प्र. द्वारा अधीनस्य न्यायालय नायब तहसीलदार वृत-राजपुर तहसील अशोकनगर का प्रकरण क्रमांक 0719/अ-6/2022-23 में पारित आदेश दिनांक 24.02.2023 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील पेश की है। उक्त अपील में जिस किसी व्यक्ति का हित अथवा आवश्यक पक्षकार हो वह न्यायालय में पेशी दिनांक 23/02/2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर अथवा उचित माध्यम से प्रकरण में प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्याद गुजरने उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह विज्ञप्ति मेरी पद मुद्रा हस्ताक्षर से जारी है।

**( शुभती त्रिपाठी )**
**अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व )**
**अनुभाग-अशोकनगर**